## सार-समाचार

### लावारिश अस्थियों का विसर्जन होगा

**जोधपुर**, (कासं)। हिन्दू सेवा मण्डल, जोधपुर 1121 लावारिश शवों की अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में करेगा हिन्दू सेवा मण्डल जोधपुर के प्रधानमंत्री विष्णुचन्द्र प्रजापत ने बताया कि मण्डल गत 100 वर्षो से मानव मात्र की सेवा में समर्पित रहते हुए अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मण्डल द्वारा विभिन्न सेवा कार्यो के साथ समस्त पुलिस थानो एवं अस्पतालों से प्राप्त लावारिश शवों का अन्तिम संस्कार करते हुए अस्थियों के मोक्ष के लिए मॉ गंगा की गोद हरिद्वार में विशर्जन की जाती है । इस वर्ष 1121 अस्थियों को लेकर हिन्दू सेवा मण्डल का एक शिष्टमण्डल 23 जून को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगा। इस से पूर्व 22 जून सायं 6 बजे घण्टाघर के प्रागण में दिवंगत आत्माओं के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा । इस भजन संध्या में गीता बाल संस्कार के बच्चो द्वारा गीता पाठ एवं पं. विजयदत्त पुरोहित द्वारा मंत्रोचारण द्वारा दिवंगत आत्माओं के मोक्ष की कामना की जाएगी । भजन गायक गीता मेवाडा, तखतसिंह, दीपक जोशी, रामकिशोर दाधीच सहित कई भजन गायक अपनी प्रस्तुति देगे । इस आयोजन को लेकर हिन्दू सेवा मण्डल के प्रधान महेश कुमार जाजडा, प्रधानमंत्री विष्णुचन्द्र प्रजापत, उपप्रधान भेरूप्रकाश दाधीच, कोषाध्यक्ष, कैलाश जाजू, संस्कारमंत्री राकेश गौड, उप कोषाध्यक्ष मदन सैन, सदस्य प्रेमराज खिवसरा, नरेन्द्र सिंह गहलोत, सुरेन्द्र सिंह सांखला, यतिन्द्र प्रजापत, हन्वतराज गॉच्छा, महेन्द्रसिंह तंवर, व्यवस्था को अन्तिम रूप दे रहे है।

### बाड़मेर आगार में 18 बसों का सौंदर्यकरण

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से संचालित मेरी बस मेरी जिम्मेदारी योजना के अंतर्गत बाड़मेर आगार में अब तक कुल 18 रोडवेज बसों का सौंदर्यकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। यह कार्य निगम अध्यक्ष शुभ्रा सिंह एवं प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रदेशव्यापी स्तर पर चलाया जा रहा है। बाड़मेर आगार के मुख्य प्रबंधक ओम प्रकाश ने बताया कि बाड़मेर आगार की ओर से सौंदर्यीकृत की गई बसों में 13 बसें वर्ष 2020 मॉडल तथा 5 बसें वर्ष 2024 मॉडल की हैं। उनके मुताबिक योजना का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं बसों की स्थिति में समठा सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बसों की यांत्रिक मरम्मत, रंग-रोगन, सीटों की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक सौंदर्यकरण कार्य किए जा रहे हैं। इससे यात्रियों को अधिक साफ-सुथरी, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बाड़मेर आगार के मुख्य प्रबंधक ओम प्रकाश ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार यह कार्य लगातार जारी है। हमारी प्राथमिकता यात्रियों को सर्वोत्तम एवं सुगम सेवाएं प्रदान करना है। मेरी बस मेरी जिम्मेदारी योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भविष्य में और अधिक बसों को इस योजना में सम्मिलित कर सौंदर्यकरण किया जाएगा।

### पाली जिला परिषद् कार्यालय में सफाई

**पाली**, (नि.सं.)। जिला परिषद कार्यालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी के निर्देश पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कार्यालय व छत की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। साथ ही जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। श्रमदान के तहत कमरों की साफ-सफाई, रेकर्ड व्यवस्थित किया। इसके अतिरिक्त कार्यालय के छत की सम्पूर्ण साफ-सफाई की गयी। लेखाधिकारी सम्पतराज परिहार द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को जल सरंक्षण की शपथ दिलाई। अतिरिक्त विकास अधिकारी सज्जनसिंह, भंवरलाल चौधरी, महेन्द्र प्रजापत, अरूण वैष्णव, सहायक लेखाधिकरी हिम्मतमल डाबी, हाजी मोहम्मद, श्रवण कुमार, रिषी कुमार, सुरेश विश्नाई, लखराम, जावेद, बुद्धराज डाबी, लक्ष्मण गौड़, मनमोहन भटनागर, बाबुलाल सैन, गोविन्दसिंह, नरपतसिंह, अणचीदेवी, हेमलता, जगदीश आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया।

### पति-पत्नी की सुलह करवाई

**रेवदर**, (निसं)। उपखण्ड मजिस्ट्रेट रेवदर ने ज्योतिबेन पत्नी रितिक परमार निवासी-लाखणासर गुजरात, हाल मुम्बई द्वारा जरिए अधिवक्ता प्रवीणदान चारण प्रार्थना पत्र पेश किया गया। जिस पर अप्रार्थीगण रितिक परमार पुत्र भरत परमार वागरी के निवास स्थान नाला सोपारा मुम्बई से प्रार्थीया की पुत्री रितिका उम्र ०3 वर्ष को न्यायालय में पुलिस संरक्षण में पेश करने को लेकर थानाधिकारी मण्डार को वारन्ट जारी किया गया। वारन्ट की पालना में पुलिस संरक्षण में दिनांक 18 जून 2025 को अप्रार्थी रितिक परमार मय प्रार्थीया ज्योतिबेन व अप्रार्थी रितिक परमार की पुत्री रितिका को उपखण्ड मजिस्ट्रेट रेवदर के समक्ष पेश किया गया। उपखण्ड मजिस्ट्रेट रेवदर नरेन्द्र जांगिड ने पति पत्नी के बीच समझाईश कर सुलह करवाई। पति पत्नी पुनः साथ रहने को सहमत हुए। प्रार्थीया व अप्रार्थी रितिक परमार की पुत्री रितिका को पति-पत्नी को सुपुर्द किया गया।

### सांख्यिकी कार्यालय चौहटन का निरीक्षण

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग बाड़मेर के उप निदेशक जसवंत कुमार गौड़ ने शुक्रवार को ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय चौहटन का औचक निरीक्षण किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान उप निदेशक गौड़ ने विभागीय कार्यों जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, जन आधार, स्थानीय निकायों के लेखे, ई-ग्राम, संस्था आधार, सांख्यिकी रूपरेखा, सतत् विकास लक्ष्य, फोल्डर, राजस्थान सम्पर्क आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्क निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन कार्यालय ग्राम पंचायत सनाऊ एवं सांवलोर का भी निरीक्षण किया। जहां पंजीयन कार्य से संबंधित रिकॉर्ड व्यवस्थिति रूप से संधारित नहीं पाए जाने पर गंभीरता से लेते हुए विकास अधिकारी चौहटन नरसिंह दास को संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को दस्तावेज दुरस्त करने करने के लिए निर्देशित किया। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी प्रतीक कुमार, सांख्यिकी निरीक्षक तनसुख दास खत्री, संगणक भावेश कुमार उपस्थित रहे।

### जालोर से जोधपुर वाया कल्याणपुर बस

**जालोर**, (कासं)। जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम जालोर आगार द्वारा जालोर-जोधपुर वाया मोकलसर सिवाना, समदड़ी, कल्याणपुर, जोधपुर होकर निगम की दुर्तगामी बस सेवा का संचालन 21 जून से किया जायेगा। डिपो जालोर के मुख्य प्रबंधक ओम लीलावत ने बताया कि निगम द्वारा 21 जून से जालोर-जोधपुर (समय 7 -10.15) व जोधपुर-जालोर (समय 15-18.15) वाया मोकलसर, सिवाना, समदड़ी, कल्याणपुर होते हुए दुर्तगामी सेवा का संचालन किया जायेगा। इस बस सेवा पर बुकिंग काउन्टर से अथवा परिचालक की मशीन से टिकिट जारी करवाई जा सकती है। बस में चढ़ने से पहले यात्री परिचालक से स्टॉपेज की जानकारी प्राप्त करें। इस सेवा में राजस्थान सरकार द्वारा रियायत/निःशुल्क सुविधाएँ भी देय होगी।

### गांधी चौक में मूत्रालय मरम्मत की मांग

**जालोर**, (कासं)। दी जनरल मर्चेंट एसोसिएशन जालोर के तत्वावधान मैं शुक्रवार को शहर के मुख्य मार्केट स्थित गांधी चौक में जर्जर सार्वजनिक मूत्रालय की मरम्मत करने की मांग को लेकर एडीएम राजेश मेवाडा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांधी चौक में स्थित सार्वजनिक मूत्रालय जर्जर होने से बारिश की वजह से गिर जाने से एक व्यापारी की हल्की चोट लगी । मूत्रालय की मरम्मत की जाये । ताकि मुख्य मार्केट में आने वाली महिलाओं व अन्य लोगो को शौच के लिए असुविधा का सामना नही करना पड़े। इस अवसर पर अध्यक्ष जालम सिंह नरावत, सचिव कैलाश कुमार लखारा, कल्पेश जैन, दिलीप सेन, संजय रावल, पीताम्बर, महेंद्र सोनी, राजू सोनी, सुरेश माली, अशोक माली मोइनुद्दीन बंगाली, महावीर एवं समस्त गांधी चौक के व्यापारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के हाथ से मोबाइल झपटा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के प्रतापनगर बस स्टेण्ड के पास में एक अधिवक्ता के हाथ से एक्टिवा सवार दो युवक मोबाइल झपट कर ले गए। वे फोन पर किसी से बात कर रहे थे। अधिवक्ता की तरफ से अब प्रतापनगर थाने में अज्ञात शख्स के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान कर तलाश में जुटी है। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि राजीव गांधी नगर निवासी एडवोकेट मुकेश राजपुरोहित पुत्र नारायणसिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 18 जून की शाम के समय वह प्रतापनगर बस स्टेण्ड पर फोन से बात कर रहे थे। तब एक एक्टिवा पर सवार होकर आए दो बदमाश उनका मोबाइल झपट कर ले गए।

# 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोग करेंगे एक साथ योग

पाली,(नि.सं.)। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 जिला मुख्यालय, प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायत, धार्मिक-सामाजिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर 21 जून, 2025 को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ आयोजित होगा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम लाखोटिया में व जिले के अन्य पर्यटक व धार्मिक स्थानों पर जिला ब्लॉक व ग्राम स्तर पर भी योग दिवस के कार्यक्रम प्रातः आयोजित होंगे। जिसमें केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के विभागों, उपक्रमों, निगमो, बोर्ड एवं सामाजिक भामाशाहों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनं आदि भाग लेंगे।

प्रभारी मंत्री खर्रा एवं प्रभारी सचिव भगत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहेंगे मौजूद

योग दिवस के अवसर पर शहर के लाखोटिया में प्रभारी एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रभारी सचिव पाली अश्विनी भगत सहित अधिकारी एवं पांच हजार लोग भी योगाभ्यास करेंगे। योग दिवस के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग ने सभी तैयारी पूर्ण कर ली है।

जिले में रणकपुर, मानपुरा भाखरी, सोनाणा खेतलाजी, ओम आश्रम जाडन, जवाई आदि पर भी योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

साथ ही ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा चिन्हित धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर प्रातः 6:00 से 8:00 बजे जिसमें 6:30 से 7:00 बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का लाईव प्रसारण होगा तत्पश्चात 7:00 से 7:45 तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कर योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

**बाड़मेर संवाददाता के अनुसार :** योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बाड़मेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत शामिल होंगे। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक आमजन की भागीदारी के लिए समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने बताया कि बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम के अलावा शिव मुंडी, सोन तालाब एवं जसदेर तालाब परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित होगा। इसके अलावा उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों की ओर से आमजन को योग का अभ्यास करवाया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि सामूहिक योगाभ्यास से पूर्व जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा चिन्हित धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर शनिवार प्रातः 6.30 बजे से 7 बजे तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके उपरांत सुबह 7 से 7.45 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से निर्धारित कॉमन प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। उन्होंने अधिकाधिक आमजन से योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### योग दिवस की तैयारियां पूरी

**जोधपुर**, (कासं)। 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को जोधपुर में अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत योग शिविर में भाग लेने जोधपुर पहुंचे। वे शनिवार, 21 जून को वे प्रातः 6:50 बजे मेहरानगढ़ किले में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल का मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम 21 जून, शनिवार को रेलवे स्टेडियम पर आयोजित किया जाएगा।

जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम आधारित रेलवे का योगाभ्यास का मुख्य कार्यक्रम शनिवार प्रातः सुबह 6 बजे से 8 बजे तक रेलवे स्टेडियम पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर विशेष रूप से रेल कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उन्हें विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डा.सर्पल्ली राधाकष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ऋषि फिटनेस, प्रताप नगर जोधपुर में 21 जून को भव्य आयोजन किया जाएगा। फिटनेस एक्सपर्ट नौशाद अंसारी ने बताया कि योग दिवस की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

फलोदी दुर्ग में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6 से 8 बजे तक चलेगा। इसमें सुबह 6:30 से 7:00 बजे तक प्रधानमंत्री का संबोधन होगा। इसके बाद 7:00 से 7:45 बजे तक कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया जाएगा।

कलक्टर हरजी लाल अटल ने बताया कि इस वर्ष धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले की सभी ग्राम पंचायतों और ब्लॉक स्तर पर भी योग कार्यक्रम होंगे। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है।

# निजी अस्पताल के शिविर में युवक की बिगड़ी तबीयत, एम्स रैफर के बाद मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पाली रोड पर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में निःशुल्क जांच और ऑपरेशन कराने आए एक युवक की ऑपरेशन थियेटर में तबीयत बिगड़ गई। युवक को बाद में एम्स अस्पताल रैफर कर दिया गया। यहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन निजी अस्पताल के बाहर डॉक्टर्स द्वारा लापरवाही किए जाने का आरोप लगाते हुए धरना दे दिया। सूचना पर विवेक विहार पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी अनुसार संजय कॉलोनी, प्रतापनगर क्षेत्र में रहने वाले टैक्सी चालक और होमगार्डस प्रेम कुमार पुत्र मांगीलाल भील ने शारीरिक तकलीफ के कारण पाली रोड स्थित निजी अस्पताल में 17 जून को चैकअप कराया था और उसको 18 जून को भूखे पेट बुलाकर ऑपरेशन थियेटर में लेकर गए थे। जहां ऑपरेशन करने के समय लगाए बेहोशी के इंजेक्शन के बाद वो होश में नहीं आया और 18 को तो डाक्टरों ने उसे अपने अस्पताल के आईसीयू में ही रखा और 19 जून की दोपहर बाद सघन उपचार के नाम पर परिजनों को गुमराह कर एम्बुलेंस में डालकर एम्स भेज दिया गया।

परिजन ने बताया कि जब वो उसे एम्स लेकर गये और एम्बुलेंस से लाइफ सपोर्ट हटाकर एम्स में शिफ्ट किया तो उसको डाक्टरों ने मृत बता दिया। परिजनों ने पहले एम्स में विरोध किया और बाद में विवेक विहार पुलिस को सूचना दी गई। परिजन द्वारा कल भी प्रदर्शन किया गया था। जबकि मृतक का शव एम्स की मोर्चरी में रखा है। मृतक के तीन छोटी बच्चियां और एक पुत्र है। मृतक के भाई बालकिशन ने इस संबंध में विवेक विहार थाने में रिपोर्ट दी है। परिजन का कहना है कि इलाज में कोताही बरतने वाले डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाया जाएगा।

# केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

**रेवदर** , (निसं)। सिरोही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सिरोही तथा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार की 11 वर्षो की उपलब्धियों पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद जालोर-सिरोही लुंबा राम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित, मथुरा विधायक पूरन प्रकाश तथा पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था के अतिरिक्त महासचिव एवं मीडिया प्रमुख करुणा भाई, नगर पालिका अध्यक्ष मगनदान चारण,गणपत सिंह, जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल, विकास अधिकारी आबूरोड पुखराज सरेल भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि लुंबा राम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश ने तेज गति से विकास किया है। योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित बना है।

ऋतु शुक्ला ने कहा कि प्रदर्शनी में सरकार की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की झलक है, जिससे आमजन को जागरूकता और प्रेरणा मिलेगी। केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी में विभिन्न पैनल लगाए गए हैं। प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है । यह प्रदर्शनी 20 से 21 जून, 2०25 तक सुबह 10 से शाम ०4 बजे तक आम नागरिकों के लिए निःशुल्क खुली रहेंगी।

जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों का उल्लेख किया। करुणा भाई ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री का आव्हान है कि भारत विश्व गुरु बने और यह प्रदर्शनी उसी दिशा में एक कदम है।

मथुरा विधायक पूरन प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश ने अभूतपूर्व विकास किया है। यह प्रदर्शनी उस विकास यात्रा की झलक प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री ने देश में अनेक ऐतिहासिक परिवर्तन किए हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यह प्रदर्शनी विशेष रूप से युवाओं, छात्रों एवं आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से जोडने का एक सशक्त माध्यम है।

अग्रणी जिला बैक के एफ.एल.सी. दिनेश खंडेलवाल ने बैंकिंग योजनाओ की जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ योगाचार्य गणपत सिंह देवडा व भीकसिंह भाटी ने स्वस्थ जीवन के लिए योग के महत्व पर विचार रखे। स्वागत भाषण मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा तथा मंच संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो, सिरोही के प्रभारी फूलचंद गहलोत व डूंगरपुर प्रभारी नरेश कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में आमजन को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके पुष्पेंद्र, सागर से बीके नीलम बहन, बीके लक्ष्मी बहन व सदस्य व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### रोहट में सर्वाधिक बारिश दर्ज

**पाली**, (नि.सं.)। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहट उपखंड क्षेत्र में सर्वाधिक 32 एमएम वर्षा दर्ज की गई। जल संसाधन विभाग के नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रातः 8:30 बजे तक रोहट में सर्वाधिक 28 एमएम बारिश दर्ज की गई। पाली में 20 एमएम एवं सुमेरपुर में 15 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### युवक ने दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 14 में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि मामले में चौहाबो सेक्टर 14 की रहने वाली हेमा पत्नी राजेश ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

# पटरी पर रील बनाने वाला युवक कमलेश निरूद्ध

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा पुलिस ने रेलवे पटरी पर सोकर ट्रेन अपने ऊपर से गुजरने की रील बनाने का सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के मामले में आरोपी को निरूद्ध किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित जैन आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा ने बताया कि सोषल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर गहन साइबर पेट्रोलिंग कर सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने एवं सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की फैक/भ्रामक पोस्ट, गलत टिप्पणी, आपसी सौहार्द व कानून व्यवस्था बिगाड़ने सम्बन्धी एवं गैर-कानूनी पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई के विशेष अभियान के तहत निर्देशानुसार गोपालसिंह भाटी आरपीएस, नोडल अधिकारी, सोशल मीडिया सेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा व सुशीलमान आरपीएस वृताधिकारी बालोतरा के निकट सुपरवीजन में चेलसिंह नि. थानाधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक युवक द्वारा रेलवे पटरी पर सोकर अपने जीवन को खतरे में डालकर ऊपर से रेल गुजरने की रील बनाकर वायरल करने के मामले को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए शख्स कमलेश को निरूद्ध करने में सफलता हासिल की है।

20 जून को एक युवक द्वारा रेलवे पटरी पर सोकर अपने जीवन को खतरे में डालकर अपने ऊपर से रेल गुजरने की रील बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करना ज्ञात हुआ।

रेलवे ट्रेक पर रील का खतरनाक तरीके से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त शख्स की इंस्टाग्राम आईडी के आधार पर कमलेश (21) पुत्र शिवलाल मेघवाल निवासी तिलवाड़ा पुलिस थाना जसोल के रूप में पहचान कर थाना बालोतरा की टीम राकेश कुमार सउनि. मय जाब्ता द्वारा कस्बा बालोतरा से दस्तयाब किया गया। घटनाक्रम रेलवे पुलिस क्षेत्र का होने से अग्रिम कार्रवाई के लिए आरपीएफ बालोतरा को सुपुर्द किया गया।

# 964 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये

**जोधपुर**, (कासं)। जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान के निदेशक विष्णु चरण मल्लिक ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान शनिवार को पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र वितरण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के सभागार में आयोजित नागरिकता प्रमाण पत्र वितरण शिविर में 964 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र सौंपे। जैसे ही नागरिकता प्रमाण पत्र हाथों में आया, दशकों पुराना इंतज़ार आँखों से बह निकला। इस मोके पर उनके चेहरे पर संतोष और हृदय में भारत माता से जुड़ाव की अनुभूति स्पष्ट झलक रही थी। विस्थापन की पीड़ा अब भारतीय नागरिक होने के गर्व में परिवर्तित हो गई।

मल्लिक ने इस ऐतिहासिक क्षण को विस्थापितों के संघर्ष, धैर्य और उम्मीद की जीत बताते हुए सभी नव-नागरिकों को बधाई दी और कहा कि आज आपने केवल काग़ज़ नहीं, बल्कि अपनी पहचान पाई है। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आज आपकी भारतीय नागरिकता की औपचारिक शुरुआत है। केंद्र और राज्य सरकारें आपके कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत हैं। ये 964 प्रमाण पत्र केवल संख्या नहीं, बल्कि 964 संघर्ष और साहस की कहानियाँ हैं। उन्होंने संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन की भावना को आत्मसात करने का आग्रह किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर प्रथम) उदयभानु चारण ने बताया कि दो दिवसीय यह नागरिकता प्रमाण पत्र वितरण शिविर शनिवार को प्रातः नौ बजे से सायं छह बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कुल 964 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि यह शिविर केंद्र और राज्य सरकारों की मानवीय संवेदना और दूरदर्शी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहाँ वर्षों के संघर्ष को सम्मान और स्थायित्व की सौगात मिली है।

### गजनीपुरा व खिंवाड़ा में शिविर आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को पाली जिले की ग्राम पंचायत गजनीपुरा एवं खिंवाड़ा में शिविर का आयोजन किया गया।

पंचायत समिति रानी स्टेशन के विकास अधिकारी नारायणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि गजनीपुरा शिविर में सिलिकोसेल बीमारी की जांच के संबंध में चेतना उत्पन्न करने, ग्राम स्तर पर आयोजित किये गये कैम्प में मिशन इन्द्रधनुष (टीकाकरण) 3, किसान क्रेडिट कार्ड-1, जाति प्रमाण-पत्र-10, मूल निवास प्रमाण-पत्र-5, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 4, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा 1, राशन कार्ड- 2, मनरेगा जॉब कार्ड-27, मौहल्लों में वॉल पेंटिंग 8, हार्डिंग व बैनर 8, कैम्प स्थल पर सेल्फी पोईट 5, पोषण अभियान-32 आदि कार्य किये गये। गजनरीपुरा शिविर में कैम्प प्रभारी सिद्धार्थ चारण, पीईईओ रणछोड बंजारा, चिकित्सा प्रभारी सुभांश सुथार, आईसीडीएस आशा सोलंकी, ग्राम विकास अधिकारी सेवाराम मीना, कनिष्ठ सहायक कैलाश मीणा, पटवारी दीपनारायण, एएनएम चन्द्रकांता, दरिया देवी, आंगनवाडी कार्यकर्ता संतोष, कमला, इन्द्रा, साथिन कंचन कंवर एवं भवंरलाल सुरक्षा गार्ड नरेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत खिवाडां में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि-02, जाति प्रमाण-पत्र-05, मूल निवास प्रमाण-पत्र-04, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-05, आधार कार्ड संशोधन-04, सामाजिक सुरक्षा पेंशन-07, राशन कार्ड-01, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना-06, पोषण अभियान-13, मनरेगा रोजगार आवेदन-08, मोहल्लों में वॉल पेंटिंग-08, हार्डिंग / बैनर-07, कैम्प सेल्की पोईन्ट 01 आदि कार्य किये गये। शिविर में प्रशासक श्रीपाल वैष्णव, नायब तहसीलदार मदनसिंह, भू-अभिलेख निरीक्षण रामचन्द्र, पटवारी मुकेश चारण, ग्राम विकास अधिकारी सेवाराम मीना, कनिष्ठ सहायक फुटरमल आचार्य, चिकित्सा अधिकारी भूपेन्द्रसिंह, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमीषा विमल, आशा सुपरवाईजर आशा सोलंकी, ए.एन.एम. अनिता जेम्स, वार्ड पंच आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग, वृद्धजन एवं विधवा महिलाओं को सहारा दिया

**जोधपुर**, (कासं)। जिला प्रशासन जोधपुर, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मोटर मर्चेंट एसोसिएशन हॉल में दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं विधवा महिलाओं के लिये एक विशाल बहुद्देशीय सहायता शिविर आयोजित किया।

शिविर का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के द्वारा किया गया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में 'दिव्यांग' शब्द को अपनाकर न केवल भाषा को संवेदनशील बनाया, बल्कि दृष्टिकोण में भी सम्मान और करुणा का संचार किया। आज समाज, सरकार और उद्योग जगत मिलकर इस विचार को धरातल पर उतार रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थितजन को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

शेखावत ने इंडियन ऑयल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी की यह पहल कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का एक आदर्श उदाहरण है, जो सेवा और सामाजिक समावेश का संदेश देती है। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनाना और सरकारी योजनाओं की सुलभता सुनिश्चित करना था। आयोजन सेवा, समर्पण और सामाजिक न्याय की भावना को समर्पित रहा। इस दौरान वृद्धजनों, विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पेंशन संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। शिविर में दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्रायसाइकिल, सामान्य ट्रायसाइकिल एवं व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली, राजेंद्र पालीवाल, आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक मनोज गुप्ता तथा उपमहापौर किशन लड्डा विशिष्ट अतिथि रहे।

आईओसीएल की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अन्तर्गत पूर्व-चयनित दिव्यांगजन को इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल, सामान्य ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सुगम्य केन, कान की मशीन, सी.पी. चेयर, कहुनी बैसाखी, वॉकर, चेयर-युक्त छड़ी एवं बैसाखी सहित कई सहायक उपकरण निशुल्क प्रदान किये गये।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान 'वय वंदना' कार्ड बनाए तथा दिव्यांग एवं वृद्धजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें बी.पी., शुगर, पल्स व ऑक्सीजन स्तर की जाँच शामिल रही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वृद्ध, विधवा तथा दिव्यांग पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन भी मौके पर सम्पन्न कराया।

शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. अल्का राजपुरोहित, रामभरोस साहारण, रमेशचंद्र पंवार, ओमपाल सिंह, श्रीमती दीपिका विश्नोई, जोधपुर मोटर मर्चेंट एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया जैन माइनॉरिटी फेडरेशन का सहयोग रहा।

# टी.सी. बोहरा ने नाकोड़ा मंदिर में दर्शन किए

**बालोतरा**,(नि.सं.)। जिला प्रभारी सचिव टी.सी. बोहरा ने शुक्रवार को नाकोड़ा तीर्थ के दर्शन कर भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में शीश नवाया।

बोहरा अपने एक दिवसीय दौरे पर नाकोड़ा पहुंचे। उन्होंने यहां स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ नाकोड़ा भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर का अवलोकन किया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया और उन्हें मंदिर के इतिहास एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। बोहरा ने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल आस्था सहित सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्नर सिंह चौहान, पचपदरा तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल, विकास अधिकारी हीराराम कलबी समेत कई स्थानीय अधिकारी भी मौजूद थे।


**OFFICE OF THE DY. CONSERVATOR OF FOREST , WILDLIFE, JAISALMER**

No:F( )Store / DCFWL /2025/4672 Date : 20.06.2025

**E -NOTICE INVITING TENDER**

Bids for RCC Straight post, Chain link fence and Galvanized Barbed wire as per below ENIB Number under Wildlife Division Jaisalmer are invited from interested bidders 20.06.2025 to 30.06.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in of the state.

| NIB Code | UBN No. | Tender ID |
|---|---|---|
| FOR2526A0599 | FOR2526GLOB00705 | 2025_FORES_481360_1 |
| FOR2526A0560 | FOR2526GLOB00706 | 2025_FORES_481391_1 |
| FOR2526A0561 | FOR2526GLOB00707 | 2025_FORES_481424_1 |

**Dy.Conservator of Forest**
**Wildlife Jaisalmer**